लॉकडाउन में दुनिया भर के बंद सभी बाजार रहे

लॉकडाउन में दुनिया भर के बंद सभी बाजार रहे,
मगर तेरी किरपा वाले श्याम खुले दरबार रहे,
नीले घोड़े बैठ के बाबा हर दम ही त्यार रहे,
हां तेरी किरपा वाले श्याम खुले दरबार रहे,

कही डॉक्टर बन कर बाबा तुम्हने हमे बचाया था,
प्रशाशन के रूप सांवरिया रक्शक बन कर आया था.
भूखे को राशन दे कर के भरते तुम भण्डार रहे,
हां तेरी किरपा वाले श्याम खुले दरबार रहे,

मंदिर वाले द्वार तो बाबा जाने कब से खुले नहीं
दया नन्द के मन मंदिर से इक पल तुम हिले नहीं,
तुमने ही परिवार संभाला चला तुम ही व्यपार रहे,
हां तेरी किरपा वाले श्याम खुले दरबार रहे,

कैसा भी संकट हो बाबा मोर छड़ी से मारे गा,
ये मैसेज है मेरे श्याम का कोई न हिमत हारे गा,
सब ही सेहत मंद रहे गे सुखी सभी संसार रहे,
हां तेरी किरपा वाले श्याम खुले दरबार रहे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16494/title/lockdown-me-duniya-bhar-ke-band-sabhi-bajaar-rahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |